## संक्षिप्त

### चंद्रशेखर दिक्षित अध्यक्ष बने

**थानागाजी।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा थानागाजी अध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर दिक्षित पुनः चुने गए थानागाजी कस्बे स्थित राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा कार्यालय में शनिवार सायं को अध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा थानागाजी के अध्यक्ष पद पर दूसरी बार चंद्रशेखर दिक्षित निर्विरोध चुने गए। पेंशनर समाज के पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी रामेश्वर दयाल शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु केवल एक ही नामांकन फॉर्म प्राप्त हुआ। जिस पर चंद्रशेखर दिक्षित को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुने जाने की घोषणा की गई। इसके बाद उन्हें अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर चौथमल सैनी, बुद्धा लाल शर्मा, रमेश चंद्र वर्मा, लल्लू राम शर्मा, नंदराम शर्मा, बृजमोहन शर्मा, सुरेश शर्मा, महादेव प्रसाद शर्मा, भैरू सहाय दर्जी, आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### माली समाज की बैठक संपन्न

**निवाई, (निसं)।** शिवाजी कॉलोनी स्थित तेजाजी मंदिर परिसर में रविवार को माली समाज की बैठक आयोजित की हुई। तहसील अध्यक्ष शंकरलाल सैनी गुंसी ने बताया कि बैठक में तहसील अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में तहसील अध्यक्ष के चुनाव को लेकर 8 नवंबर को चुनाव करवाने पर सहमति की गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कैलाश मोरी, एडवोकेट छोटेलाल सोलंकी, खाद बीज निदेशक सीताराम कटारा, मूलचंद सैनी, गणेश सैनी, रमेश सैनी, लालचंद सैनी, कन्हैया लाल सैनी, ऋषि राज तंवर, कमलेश सैनी, नाथू लाल सैनी, पार्षद बाबूलाल सैनी सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

### स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फुलेरा।** कस्बे के शेखावत गार्डन में जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) का दीपावली स्नेह मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि विधायक कुमावत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात आगुंतक अतिथियों का जार की फुलेरा विधानसभा कार्यकारिणी द्वारा स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान जार के प्रदेशाध्यक्ष हरिवल्लभ मेघवाल ने अपने संबोधन में पत्रकारों के समक्ष आ रही चुनौतियों और उनके समाधानों के बारे में बताया।

### दो नवंबर को रहेगा पूर्ण अवकाश

**खैरथल, (निसं)।** दो नवंबर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खैरथल आगमन पर नवीन कृषि उपज मंडी यार्ड में पार्किंग स्थल बनाये जाने के कारण पूर्ण अवकाश घोषित किए जाने के बाद प्याज मंडी में भी इस दिन अवकाश रखने की घोषणा की गई है। प्याज मंडी व्यापार समिति के अध्यक्ष धर्मदास ने बताया कि नगरपालिका कार्यालय के बगल में लगी अस्थाई प्याज मंडी में भी वाहनों को खड़ा किये जाने के कारण दो नवंबर को अवकाश रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने किसानों से इस दिन अपनी उपज लेकर नहीं आने की अपील की है।

### एनसीसी भर्ती रैली की तैयारियां शुरू

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** सरदार पटेल महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के एनसीसी प्रभारी मनोज कुमार बगड़िया से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 राज बटालियन की एनसीसी भर्ती रैली 2022-23 आगामी 9 नवंबर को आयोजित की जाएगी। बताया गया है कि इसमें सत्र 2022- 23 में नियमित अध्ययनरत बीए पार्ट फर्स्ट व बीएससी पार्ट फर्स्ट के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया में एनसीसी अधिकारियों द्वारा योग्य कैडेट्स का चयन किया जाएगा। भर्ती के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 नवंबर 22 है।

### कल कृषि उपज मंडी बंद रहेगी

**निवाई, (निसं)।** मंगलवार को कृषि उपज मंडी में गोपाष्टमी पर्व को लेकर अवकाश रहेगा। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचंद बोहरा ने बताया कि मंगलवार को कृषि उपज मंडी में गोपाष्टमी पर्व को लेकर अवकाश रहेगा जिससे मंडी में जिंसो का क्रय विक्रय नही होगा। उन्होंने बताया कि गोपाष्टमी पर्व पर मंडी में स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में अन्नकूट प्रसादी का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# सीमेंट की खम्भी गिरने से आधा दर्जन नरेगाकर्मी महिला घायल

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बा स्थित चीमा की ढाणी में खेत की डोल पर लग रही सीमेंट की खम्भी गिरने से आधा दर्जन नरेगाकर्मी महिला घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार कस्बे के भगतपुरा मोहल्ले से बाईपास सड़क मार्ग तक मनरेगा योजनान्तर्गत करीब 15 लाख की लागत से ग्रेवल सड़क बनाने का कार्य चल रहा था। रविवार

- मनरेगा कार्य के दौरान करीब 60 महिलाएं मिट्टी खोदने का कार्य कर रही थी

को मनरेगा कार्य के दौरान करीब 60 महिलाएं मिट्टी खोदने का कार्य कर रही थी। खेत की डोल में लग रही सीमेंट की खम्भी महिलाओं पर गिर गई। अचानक हुए हादसे से महिलाओं की चीख-पुकार शुरू हो गई। हादसे में महिला नरेगाकर्मी मूर्ति देवी, संतोष देवी, मनीषा, कोशल्या देवी, मीरा देवी, सजना देवी आदि घायल महिलाओं को मैठ और ग्रामीणों की सहायता से नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

जहां पर चिकित्सक विक्रम गुर्जर द्वारा घायल महिलाओं का उपचार किया गया। घायल महिलाओं के हाथ, कमर, पैर, कंधा आदि जगहों पर चोट आई हैं। जिनका उपचार कर देर शाम घर भेज दिया गया।

उपचार के दौरान अस्पताल में सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी, मनीष शर्मा, नरेगा सहायक बजरंग गुर्जर, जलेसिंह मीणा, रमेश यादव आदि लोग मौजूद थे।



नारायणपुर अस्पताल में घायल नरेगाकर्मी महिलाओं का चिकित्सकों ने उपचार किया।

## सूने मकान से जेवरात सहित नगदी पार

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षैत्र के सिविल लाईन में सूना मकान देख अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर जेवरात सहित 9 हजार रूपये करीब की नगदी पार कर ले गये। मकान मालिक दीपावली की छुटिटयों में परिवार सहित गांव गया हुआ था तथा पडोसी द्वारा ताला टूटा पडे होने की दी गई खबर पर टोंक पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग टोंक में यूडीसी के पद पर कार्यरत सुरेश कुमार प्रजापत निवासी टीआर 56 सिविल लाईन गत दिनों दीपावली मनाने के लिये परिवार के साथ गांव गया हुआ था। पडोसी द्वारा दी गई सूचना पर प्रजापत ने अपने आवास पहुंचकर देखा तो बाहर मैन गेट व अन्दर कमरों व आलमारी के ताले टूटे पडे थे तथा आलमारी में से 9 हजार रू. नगद व 30 हजार रू. करीब कीमत की सोने की बाली गायब मिली। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मोका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## मालपुरा के सरकारी अस्पताल में व्यवस्थायें चरमराई

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के सबसे बडे मालपुरा के सरकारी अस्पताल में चरमराई व्यवस्थाओं में शामिल दोषियों पर कार्यवाही व ट्रोमा सेन्टर एवं ब्लड बैंक स्वीकृति की मांग को लेकर पंचायत समिति सदस्य शिमला चौधरी ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को ज्ञापन के जरिये कराया अवगत।

सीआर शिमला चौधरी ने अवगत करवाया कि मालपुरा के सरकारी अस्पताल में चरमराई व्यवस्थाओं के चलते बीते दिन शनिवार को एक सडक हादसे में घायल हुए आठ महिला पुरूष व बच्चों के उपचार में डयूटी डॉक्टर द्वारा की गई लेटलतीफी व लापरवाही से आधा घण्टे से अधिक समय तक घायल तडपते रहे जिन पर प्रशिक्षु नर्सींग छात्र उपचार के नाम पर अभ्यास करते रहे जो कि चिकित्सक की घोर लापरवाही को दर्शाता है। साथ ही अस्पताल में ना तो मुख्य गेट पर और ना ही महिला व प्रसुता वार्डो के गेट पर गार्ड की तैनाती नहीं होने से आवारा जानवरों का बेरोकटोक अस्पताल व वार्डो में विचरण होने से भर्ति मरीजों व नवजात शिशुओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग रहा है। मालपुरा शहर से होकर गुजर रहे दूदू-छाण व जयपुर-भीलवाडा दो दो स्टेट हाईवे पर आये दिन होने वाली सडक दुर्घटनाओं का आंकडा सैकडों के पार हो जाने के बावजूद सरकारी अस्पताल में त्वरित चिकित्सकीय उपचार की समुचित व्यवस्थाएं नहीं होने से घायलों को आधा अधुरा प्राथमिक उपचार कर जयपुर रेफर किया जा रहा है।

## बिजली विभाग की लापरवाही से दो भैंस मरी

**निवाई, (निसं)।** बिजली निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों की कार्यशैली जानलेवा साबित हो रही है। इसकी बानगी निवाई क्षेत्र के गांव कांटोली में देखी जा सकती है। यहाँ खेतो से गुजर रही 11 केवी की लाइन के तार चार दिन पहले ही टूट गया था। इसकी जानकारी बिजली निगम के लाइनमेन से लेकर एईएन को दे दी लेकिन चार दिन बाद भी लाइन नही जोड़ी गई। जिससे करंट की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत हो गई जिसका नुकसान पशुपालक को भुगतना पड़ा है। ये ही नहीं इस हादसे में पीड़ित पशुपालक सहित उसकी माँ व पत्नी भी बाल-बाल बचे है। इसके बावजूद अभी तक के बिजली तार नहीं जोड़े गए है।

पीड़ित पशुपालक काटोली निवासी नारायण उर्फ रणजीत मीणा ने बताया कि 26 अक्टूबर की सुबह 8 बजे उसके खेतों में से निकाल रही 11 केवी बिजली लाइन का तार नाले के पास से टूट गया था। इससे कोई हादसा नही हो, इसलिए उसी दिन

- 11 केवी की लाइन के तार चार दिन पहले ही टूट गया था, करंट से दो भैंसों की मौत

इसकी जानकारी लाइनमैन रामस्वरूप मीणा व जेईएन को दे दी थी। इस पर लाइनमेन मौके पर आया था। और लाइन को नहीं जोड़ा और पशुपालक को कह दिया कि लाइन को जोड़ दिया है। शनिवार को पीड़ित पशुपालक की भैसे उसके खेत की ओर नाले के पास चर रही थी। इस दौरान वहाँ टूटे पड़े तार के करंट चपेट में आने से उसकी दो भैंसो की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही इसके बाद आस पास के घास में आग लग गई। आग की लपटे देख वह उसे बुझाने के लिए वह व उसकी वृद्ध मां, व पत्नी भी मौके की ओर दौड़े। इस दौरान भैंसे मृत अवस्था में दिखी और भैंस के पास टूटा तार पड़ा दिखाई दिया। यह देख वह दूर हो गया और उसके परिजनों को भी अपने से दूर ही रहने को कहा, फिर वह सब सावधानी पूर्वक धीरे धीरे घटना स्थल से सुरक्षित जगह पर पहुंचे। बाद में झिलाई जेईइन राघव अठावाल , एईएन कैलाश को कॉल कर भैसे मरने की बात बताई। यह सुन दोनों ही अधिकारी डर से गए। अधिकारियों ने यह बात किसी को नहीं बताने की बात पीड़ित से कही। इसके बदले मृत मवेशियों का अच्छा मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। लेकिन अभी तक भी ना तो कोई आर्थिक सहायता पीड़ित को मिली है और ना ही बिजली का तार जुड़ा है। इसले चलते और बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है।

बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता सतीश गुप्ता ने बताया कि चार पांच दिन से तार नहीं जुड़ा और सप्लाई चालू होने से भैंसे मर गई हैं तो लापरवाही है। ऐसे लापरवाह कार्मिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल तार जुड़वाकर बिजली आपूर्ति बहाल करवाता हूँ। फिर पूरे मामले को दिखवाया जाएगा।

## अधुरे पड़े नाले की समस्या को लेकर दिया धरना

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के बानसूर रोड़ पर निर्माणाधीन अवस्था में पड़े अधुरे नाले की समस्या व इस बाबत नगर परिषद् द्वारा बरती जा रही लापरवाही के विरोध में रविवार को वार्ड नं. 24 व 30 के निवासी एवं मौहल्ला बड़ाबास के लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये।

प्रदर्शनकारी वार्डवासियों का कहना था कि जब तक उक्त समस्या का समाधान नहीं किया जाता धरना जारी रहेगा। इस दौरान प्रवीण बंसल, फूलचंद ऑपरेटर, पार्षद विजय आर्य, मुरलीराम गुर्जर, बलबीर मास्टर, पूरण भगतजी, महावीर कुमावत, धर्मपाल कुमावत, अमीचंद आर्य, मुखराम आर्य, नेतराम आर्य, रामकरण नून, दयाराम कुमावत आदि मौजूद थे।

## गायों के लिए औषधीय लड्डू भेंट

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा नेता मुकेश गोयल की प्रेरणा से गौवंश की सहायतार्थ व सेवार्थ समर्थ सशक्त अभियान कोटपूतली की टीम ने रविवार को ग्राम कालूहेड़ा स्थित श्री देवनारायण गौशाला एवं ग्राम बनेठी स्थित गोपाल गौशाला में गायों के लिए इम्युनिटी बढाने वाले औषधीय लड्डू भेंट किये, जिन्हें प्रतिदिन गायों को खिलाया जायेगा। टीम के सदस्यों ने गौशाला में लड्डू भेंट करने के बाद बेसहारा घूमने वाले गौवंश को भी औषधीय लड्डू खिलाये। गौवंश की सेवा में समर्थ सशक्त कोटपूतली अभियान की टीम अनवरत रूप से गौवंश की सेवा में विगत 2 माह से जुटी हुई है।

## कार और ई-रिक्शा की टक्कर में 5 जने घायल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के जालपाली रोडवेज डिपो तिराहे रींगस रोड पर दोपहर बाद एक अल्टो कार व ई-रिक्शा की आमने-सामने की भिडंत हो गई जिससे ई-रिक्शा में सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से श्रीमाधोपुर सीएचसी पहुंचाया गया जहां घायलों का इलाज जारी है।

वहीं हादसे में कार सवार दंपत्ती को चोटें नहीं आई है। पुलिस के मुताबिक हादसे में ई-रिक्शा में सवार नाथूसर निवासी मुकेश कंवर, राहुल सिंह, प्रीतम सिंह (17) पुत्र मानसिंह, सुमन कंवर (35) पत्नी धर्मेन्द्र सिंह तथा सेफरागुवार निवासी सुरेश कंवर पत्नी हजारीसिंह घायल हुए है। वही कार सवार पावटा निवासी रमन कुचामन के मौलासर में पंचायत समिति कार्यालय में एलडीसी है और वह कार से अपनी पत्नी व छोटी बच्ची के साथ रींगस की ओर जा रहा था। टक्कर में कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षितठास्त हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**भात नूत कर लौट रहा था परिवार :** घायल मुकेश कंवर ने बताया कि 4 नवंबर को उसकी दो पुत्रियों की शादी है। रविवार को वे परिवार के सदस्यों के साथ महरोली में भात नूतकर ई-रिक्शा में बैठकर वापस लौट रहे थे कि जालपाली डिपो तिराहे के पास सामने से आ रही एक कार की टक्कर लगने से यह हादसा हो गया।

## अतिक्रमण हटाने की मांग

**निवाई, (निसं)।** ग्राम ग्राम पंचायत डांगरथल की चरागाह बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने समिति के महामंत्री सुरज्ञान सिंह खाटरा एवं सरपंच बजरंगलाल बैरवा के नेतृत्व में अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर तहसीलदार प्रांजल कंवर को ज्ञापन सौंपा है। समिति के महामंत्री सुरज्ञानसिंह खाटरा ने बताया कि ग्राम पंचायत डांगरथल में स्थित चरागाह भूमि, सार्वजनिक भूमि, गैर मुमकिन नाडिया, आम रास्ता सहित सार्वजनिक तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। जिसको लेकर 30 सितंबर 22 को न्यायालय ने अतिक्रमण हटवाने के आदेश पारित किए गए थे। लेकिन आज तक अतिक्रमण नहीं हटाये गये।

## डॉ. रमेश बैरवा का निलंबन वापस लेने की मांग

**जयपुर।** 'डॉ. रमेश बैरवा का निलंबन वापस लो, जातिगत भेदभाव नहीं सहेंगे, एससी एसटी को चिन्हित कर ट्रांसफर करना बंद करो, डॉ रमेश बैरवा तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' के गगनभेदी नारों के साथ आज बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर की राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष, शिक्षा बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक एवं दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश संयोजक डॉ रमेश बैरवा के बड़ी संख्या में समर्थकों ने आज आक्रोश प्रकट किया तथा मनमाने रूप से किए गए निलंबन को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के बाद हुई विशाल जनसभा में उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया है कि डॉ रमेश बैरवा का निलंबन वापस नहीं किया तो पूरे जिले में आंदोलन तेज होगा। जनसभा का संचालन डीएसएमएम जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन फतेह सिंह ने किया। सह संयोजक एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव ने डॉ रमेश बैरवा के जीवन संघर्ष के बारे में बताया।

कार्यक्रम में राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर, डॉ.अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन अजाक, डॉ.अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, मेघवाल विकास समिति युवा प्रकोष्ठ, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया लायर्स यूनियन, भीम सेना, भीम आर्मी, जाटव विकास संस्थान खैरथल, महात्मा ज्योतिराव फुले दर्शन संस्थान सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधि, छात्रनेता एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# अष्टान्हिका महापर्व पर निकाली रथयात्रा

**निवाई, (निसं)।** आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंध के सानिध्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में 30 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक आयोजित होने वाले श्री सिद्ध चक्र मण्डल विधान को लेकर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा श्री जी की रथयात्रा गाजेबाजे के साथ शाही ठाठबाट के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सम्पूर्ण जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

चातुर्मास कमेटी के मीडिया प्रभारी विमल जौंला व राकेश संघी ने बताया कि रविवार को जैन समाज के तत्वावधान में नवदिवसीय सिद्ध चक्र मण्डल विधान को लेकर शाही ठाठबाट एवं जयधोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसमें श्रीजी की भव्य रथयात्रा, ऐरावत हाथियों पर सुसज्जित इन्द्र इन्द्राणियां, धोड़े बेंड बाजे महिला जयधोष बग्गियों पर विराजमान ध्वजारोहणकर्ता एवं महिला मण्डल युवा मण्डल बालिका मण्डल के साथ लवाजमा सहित समाज के स्त्री पुरूष नाचते गाते हुए जुलूस में चल रहे थे। जौंला ने बताया कि शोभायात्रा का जुलूस श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर से बेन्ड बाजों के साथ रवाना होकर झिलाय रोड, अहिंसा सर्किल, बस स्टैंड, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, बिलाला चौक, चोहट्टी बाजार, गणगौरी बाजार, राधादामोदर सर्किल, टोंक रोड होते हुए जुलूस अग्रवाल मंदिर पंहुचा। जौंला ने बताया कि शोभायात्रा से पूर्व अग्रवाल मंदिर में विराजमान आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंध के समक्ष समाज द्वारा श्री फल भेंट किया। इस दौरान समाज द्वारा मूलनायक भगवान शांतिनाथजी के समक्ष श्री फल अर्घ्य चडाकर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर निवेदन किया। जौंला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने आर्यिका माताजी के पादप्रक्षालन के साथ श्री जी की आरती उतारी। शोभायात्रा के जुलूस में सर्व प्रथम ऐरावत हाथी पर ध्वजारोहणकर्ता रामपाल, ओमप्रकाश, शिवराज जैन, सोधर्म इन्द्र महेन्द्र कुमार, मनीष कुमार सारसोप, धनपति कुबेर ताराचंद अनीता जैन गोयल, महायज्ञनायक ज्ञानचंद मुन्नीदेवी भाणजा, ईशान इन्द्र महेन्द्र कुमार, सन्तोष देवी जैन चेनपुरा, सानत इन्द्र निर्मल जैन, राजेश बंटी, निशा जैन झांझरी, श्रीपाल मेनासुन्दरी, विनोद कुमार, कुसुमलता जैन, अर्पित जैन, पाटनी एवं बग्गियों पर ब्रह्मचारिणी दीदीया विराजमान थी। इस दौरान रथयात्रा मे सारथी नेमीचंद, संजय कुमार सिरस एवं खजांची सत्यनारायण शिशोलाव एवं भगवान के ख्वास बनने का सोभाग्य नरेश कुमार बडागांव को मिला। जौंला ने बताया कि 1 नवम्बर से 9 नवम्बर तक श्रद्धालु सिद्ध चक्र महामण्डल विधान मे संगीतमय पूजा अर्चना करके सिद्धो की महाआराधना करेंगे। इस अवसर पर चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र चंवरिया, कोषाध्यक्ष सुनील भाणजा, मंत्री दिनेश गिन्दोडी, समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा, विष्णु बोहरा, सत्यनारायण मोठूका, महावीर प्रसाद माधोराजपुरा, विनोद मोठूका विमल सोगानी, नेमीचंद जैन, लालचंद कठमाणा, राजेश गिन्दोडी, ओमप्रकाश चंवरिया, त्रिलोक सिरस, हेमंत चंवरिया, सुशील गिन्दोडी, गोपाल कठमाणा, जितेन्द्र जैन, मोहित चंवरिया, संजय बडागांव सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

- 125 मण्डलीय श्री सिद्ध चक्र विधान की मंडलार्चना 1 नवंबर से



निवाई में ऐरावत हाथियों पर सुसज्जित इन्द्र-इन्द्राणियां।

## सार-समाचार

### प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है बिना मेहनत के सफलता हासिल नहीं की जा सकती तथा सफलता के लिए लक्ष्य को केंद्रित कर उसका पीछा करना जरूरी है। मंत्री जूली रविवार को पाली जिले में अखिल भारतीय रैगर महासभा युवा प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान व स्नेह मिलन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को प्रमाण पत्रों की आवश्यकता नहीं प्रतिभा तो स्वयं प्रमाणित होती है। उनका मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित करना आवश्यक है। उन्होंने समाज के प्रतिभाशाली मेधावी विद्यार्थियों और व्यक्तियों को कड़ी मेहनत के साथ समाज व राष्ट्र सेवा के लिए अग्रसर रहने का आवाहन किया। तत्पश्चात जोजवार ब्लॉक मारवाड़ जंक्शन में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की लंबित समस्याओं का निस्तारण अति शीघ्र करना सुनिश्चित किया जाए तथा राज्य सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करें। इस अवसर पर उनकी पत्नी गीता जूली, विधायक खुशवीर सिंह जोजावर, नगर पालिका चेयरमैन जया गुर्जर, सरपंच पिंकी राजेश जैन सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न



**टोंक, (निसं)।** रावणा राजपूत लोकसेवक संस्था टोंक का रविवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं संगठन चुनाव टोंक में सम्पन्न हुआ। संस्था के कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपनिरीक्षक मेघराजसिंह पंवार ने की एवं मुख्य अतिथि सचिवालय कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मेघराज सिंह पंवार रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य दुर्गासिंह राठौड एवं सीए रतनसिंह रहे। जिनकी मौजदूगी में संस्था कार्यकारिणी के चुनाव कर कार्यकारिणी का गठन किया और कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रधानाचार्य जगदीश सिंह निर्वाण को चुना गया, कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भवानीसिंह शेखावत, सचिव ब्रजमोहन सिंह, कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह, संगठन मंत्री जयसिंह राजावत, ब्लाक अध्यक्ष मालपुरा नंदसिंह चौहान डिग्गी, उनियारा महेन्द्र प्रताप सिंह नरुका, निवाई मदन सिंह चौहान सुनारी, टोंक मोहन सिंह जादौन, टोडारायसिंह शिवनारायसिंह हाडा, देवली जयसिंह हाडा, विधि सलाहकार लक्ष्मण सिंह राठौड डिग्गी को चुना गया।

### तैयारियों का कलेक्टर ने जायजा लिया

**खैरथल, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दो नवंबर को खैरथल आगमन पर की जा रही प्रशासनिक तैयारियों का रविवार को जिला कलेक्टर जितेंद्र सिंह सोनी ने निरीक्षण करने के साथ अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक्टर सोनी ने जवाहर नवोदय विद्यालय के खेल मैदान में बनाए गए हेलीपैड का निरीक्षण करने के बाद डीएलओ की बैठक ली। उन्होंने हेलीपैड का निरीक्षण करने के बाद कृषि उपज मंडी समिति के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी तरह की आवश्यक व्यवस्थाएं सही रुप से करने व आम जन को परेशानी नहीं होने पर भी जोर दिया। उन्होंने भिवाड़ी के जिला पुलिस अधीक्षक शांतनु सिंह और क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया के साथ अलग से बातचीत कर तैयारियों पर चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीणा, डीएसपी जयप्रकाश बैनीवाल, किशनगढबास, बहरोड़, कोटकासिम के एसडीएम गंगाधर मीणा, सचिन यादव, जिला आबकारी अधिकारी ओमप्रकाश सहारण, और बीड़ा के सीओ रोहिताश सिंह तोमर अलवर यूआईटी के सचिव नरुका, कृषि उपज मंडी समिति के सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी नगरपालिका के ईओ पवन कुमार शर्मा, अभियंता मोतीलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं सहयोगी अधिकारी उपस्थित रहे।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**बौंली-बामनवास (निसं)।** संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण भावना को लेकर पूरे देश में जनसेवा को समर्पित है भारत विकास परिषद संस्था। यह विचार भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह के दौरान बालाजी मैरिज गार्डन बौंली में उपस्थित जनपतिनिधि, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, एवं समाजसेवी महिला, पुरुषों को संबोधित किया। समारोह में मुख्य अतिथि बौंलीएंव बामनवास के उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण मीणा थे। अध्यक्षत बौंली नगर पालिका की चेयरमैन कमलेश देवी जोशी ने की। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार श्रद्धा ओम त्रिवेदी, बामनवास तहसीलदार बृजेश मीणा, नायब तहसीलदार मिथिलेश शर्मा एवं बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश डंगोरिया, पूर्व शिक्षा अधिकारी राधामोहन शर्मा, समाजसेवी ओम प्रकाश जोशी सहित अनेकों प्रबुद्ध जन महिला, पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम में आए अतिथियों का भारत विकास परिषद के संरक्षक बनवारी लाल गोयल, अध्यक्ष गोविंद शर्मा, सचिव मनीष कुमार जैन, महिला प्रमुख ज्योति सोयल व कोषाध्यक्ष दीपक मंगल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पत्रकार एवं कवि आशीष मित्तल ने बताया कि भारत विकास परिषद की शाखा बौंली द्वारा करोना काल में 1 हजार किट भोजन एवं मास्क, सैनिटाइजर का निशुल्क गरीब व जरूरतमंदों को वितरण किया गया यह क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करने जैसा है।

### कन्यादान कार्यक्रम आयोजित

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** अलवर जिले के बहरोड़ कस्बे के नजदीकी ग्राम बड़ोंद में इनरव्हील क्लब बहरोड़ एवं गोपाल सेवा संस्थान के सहयोग से गरीब परिवार की लड़की की शादी के लिए 282 वां कन्यादान कार्यक्रम आयोजित कर कन्या को 5100 रुपए चैक राशि आर्थिक सहयोग सहित कन्या के काम आने वाली आवश्यक श्रृंगार सामग्री के साथ ही गहने तथा वस्त्र आदि सम्मान के साथ कन्यादान स्वरूप भेंट कर प्रसन्नता व्यक्त की। गौरतलब है कि अलवर जिले के बहरोड़ क्षेत्र में गोपाल सेवा संस्थान एवं इनरव्हील क्लब बहरोड़ के द्वारा क्षेत्र में गरीब परिवारों की कन्याओं के लिए कन्यादान की मुहिम चलाई हुई है जो देश तथा समाज की उन्नित में कन्याओं के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। गोपाल सेवा संस्थान द्वारा गोपाल मंदिर बर्डोद में मुख्य अतिथि डॉ तेजपाल सिंह चौहान की उपस्थिति में कन्यादान समारोह आयोजित किया गया। इनरव्हील क्लब संरक्षक अनुपमा शर्मा तथा इनरव्हील क्लब अध्यक्ष संगीता शर्मा ने बताया कि संस्थाओं की तरफ यह 286 वां कन्यादान है जिसमें 5100 रुपए का चेक और सभी अतिथियों द्वारा कन्या के लिए जीवन उपयोगी सामान कन्यादान स्वरूप दिया गया।

### दिनदहाड़े बाईक चुराई, मामला दर्ज

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के शास्त्री नगर आवासीय कॉलोनी में रविवार को दिन दहाडे एक शातिर युवक मकान के बाहर खड्डी मोटर साईकिल को मास्टर चाबी के सहारे चुरा ले भागा। पीड़ित बाईक मालिक गौरव पारीक ने मालपुरा थाने में दी रिपोर्ट में अवगत करवाया कि मकान के बाहर खडी मोटरसाईकिल को चुरा ले जाने का सारा घटनाक्रम सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस को सौंपे फुटेज में एक युवक मकान के बाहर गली में रेकी कर मौका मिलते ही मास्टर चाबी के सहारे बाईक चुरा ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।